







### एक नजर में

## विश्व आदिवासी दिवस : नावरा की बजाय तुकईथड़ मंडी में समारोह



. सातपायरी स्थित एकलव्य आदिवासी विद्यालय में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति।

**नेपानगर।** विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को क्षेत्र में विभिन्न आयोजन हुए। पहले नावरा में बड़ा आयोजन होने वाला थाए लेकिन पिछले दिनों गांव में हुई एक घटना के बाद यह आयोजन तुकईथड़ स्थित कृषि मंडी में कराया गया जिसमें काफी संख्या में आदिवासी समाजजन शामिल हुए। सभी समाजजन ने आदिवासी जननायक रेगा कोरकू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। समाज के केशवराम भिलावेकर ने सम्मेलन में संबोधित किया। पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर ने समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया। साथ ही कहा समाज में बेटाए बेटी को शिक्षित होना। समाज का एकजुट होना जरूश्री है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्कोए भारत पटेलए किशन धांडेए कुलदीप पटेलए तुकाराम भिलावेकरए जगदीश गौतमए विकास गौतमए प्रकाश जमलेकर सहित अन्य मौजूद थे।

**सातपायरी में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति:**–विश्व आदिवासी दिवस पर एक भव्य आयोजन सातपायरी स्थित एकलव्य आदिवासी विद्यालय में भी हुआ। यहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य ओमलाल ब्रम्हचारी मुख्य अतिथि थे। वहीं विशिष्ट अतिथि खकनार तहसीलदार कविता सोलंकीए खकनार के मेडिकल ऑफिसर अजय डाबर रहे। विद्यालय के छात्रए छात्राओं ने आदिवासी संस्कृतिए इतिहास और परपंरा पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दी। आदिवासी वीरों के योगदान पर भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा आदिवासी समाज को अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिकता को अपनाना है। मेडिकल ऑफिस अजय डाबर ने कहा हर पल अपने लक्ष्य को आंखों के सामने रखकर व कड़ी मेहनत से इसे जल्द प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने कहा ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। समापन सामूहिक नृत्य के साथ किया गया।

**बोरी बुजुर्ग में जयस ने निकाली रैली:**–विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को ग्राम बोरी बुजुर्ग में जयस ने रैली निकाली। बिरसा मुंडा चौक से निकली रैली हनुमान मंदिर से उतांबी फटे होते हुए बोरी बस स्टैंड से मंडी प्रांगण पहुंची। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। वक्ता के रूप में राजस्थान से नारी शक्ति कुसुम रावत पहुंची। उन्होंने समाजजन से कहा हमें आत्म निर्भर बनना चाहिए। विजय धार्वेए अंतरसिंह बर्डे ने भी संबोधित किया। रेली में लगभग 5000 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। वहीं जयस की ओर से 12 अगस्त को नेपानगर में भी विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा।

## ग्राम इच्छापुर में भी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया



**ईच्छापूर।** ग्राम इच्छापूर में भी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। जहां रितीका योगेश पाटील और निरामय अमोल पाटील ने पवित्र बन्धन को बांधकर बहन की रक्षा की शपथ ली। इसी प्रकार घर–घर मे बहनों ने भाई यों को रक्षा सूत्र बांधकर पवित्र राखी पर्व मनामा।

## रामदेव बाबा की समाधि दशमी पर जागरण, ध्वजा चढ़ाने और भंडारा आयोजन



**नेपानगर।** भादौ माह का पवित्र समय एक बार फिर हमारे बीच आ रहा है, जब हम राजस्थान के लोकप्रिय लोकदेवता और सामाजिक समरसता के प्रतीक कलयुग के भगवान विष्णु अवतार श्री रामदेव जी बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति अर्पित करते हैं। रामदेव जी बाबा मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक करोसिया ने बताया कि रक्षाबंधन के दूसरे दिन से शुरू होने वाले बाबा के पवित्र उपवास भादौ माह की दशमी 03 सितंबर 2025 को समाप्त होगी। यह तिथि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन बाबा रामदेव जी ने रामदेवरा पोकरण जैसलमेर में समाधि ली थी। इस अवसर पर श्री रामदेव जी बाबा मंदिर समिति नेपानगर द्वारा 2 सितंबर को जागरण, 3 को सुबह 10 बजे ध्वजा चढ़ाने का समारोह और दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**श्री रामदेव जी बाबा का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व:**–श्री रामदेव जी बाबा जिन्हें रामसा पीर के नाम से भी जाना जाता हैए का जन्म विक्रम संवत 1409 में चैत्र सुदी भादौ माह की दूज को राजस्थान के बाड़मेर जिले के ऊंडु काशमीर में तंवर वंश के राजा अजमल जी और रानी मैनादे के घर हुआ था। बाबा ने अपने जीवनकाल में सामाजिक समानता, दया और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने दलितों और वंचितों को गले लगाया और सभी मनुष्यों को समान मानाए चाहे वे किसी भी जाति, धर्म या वर्ग के हों। उनके अनुयायी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में फैले हुए हैं। रामदेव जी ने कामड़िया पंथ की स्थापना की और भैरव राक्षस का अंत कर समाज को भयमुक्त किया। उनकी समाधि स्थल रामदेवरा में हर साल भादौ माह में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

**02 सितंबर 9 बजे से सुबह 4 बजे तक भव्य जागरण :**–श्री रामदेव जी बाबा के भक्ति भजनों और लोक गीतों की प्रस्तुति जिसमें रामदेव रा भजन, बाबा री सवारी और अन्य पारंपरिक भजन शामिल होंगे। प्रख्यात भजन मंडलियों और स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति भजनों का गायन, जो श्रद्धालुओं को बाबा के चरणों में समर्पित करेगा। सुबह 4 बजे श्री रामदेव जी बाबा की विशेष मंगला आरती, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा–अर्चना होगी। 03 सितंबर को सुबह 10 बजे बाबा की नेजा ध्वजा चढ़ाने का समारोह श्रद्धालु अपने हाथों में पचरंगी ध्वजाएं लेकर मंदिर में बाबा के मंदिर पर ध्वजा चढ़ाएंगे। यह समारोह बाबा के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। ध्वजा चढ़ाने के दौरान बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठेगा। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा किया जाएगा। यह आयोजन श्री रामदेव जी बाबा की समाधि दशमी के अवसर पर उनकी शिक्षाओं, समानता, भक्ति और सेवा को जीवंत करने का एक प्रयास है।

# ताप्ती नदी में निकाली तिरंगा यात्रा, वंदे मातरम के नारों से गूंजा ताप्ती कछार

**मां ताप्ती नदी के बीच लहरो में दर्जनों नावें उसमे सवार देश भक्त नागरिक, कार्यकर्ताओ ने तिरंगा लहराया।**





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव को हर कोई अपने तरीके से मना रहा है।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में एक नवाचार मां ताप्ती नदी के बीच लहरो में दर्जनों नावें उसमे सवार देश भक्त नागरिक, कार्यकर्ताओ ने तिरंगा लहराया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुरहानपुर में सूर्यपुत्री ताप्ती नदी में नाव पर सवार होकर श्रीमती चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व महापौर, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ ताप्ती नदी के बीच पहुंची।

उन्होंने ताप्ती नदी की लहरों के बीच देश की आन, बान और शान का प्रतीक तिरंगा को लहराया। इस अनोखी तिरंगा यात्रा को देखने के लिए नागझिरी घाट, राजघाट पर बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। घाट पर मौजूद लोगों ने देश की आजादी का जश्न मनाते हुए देशभक्ति के नारे लगाए। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से नगर और आसपास के गांवों में मां ताप्ती के तट गुंजायमान हो उठे।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आव्हान पर पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा है। शहर की सभी सड़कों और गलियों पर अलग.अलग स्वरूपों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं।

उसी क्रम में हमने ताप्ती नदी में अनोखी तिरंगा यात्रा निकाली। देश भर में जगह.जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। लेकिन मध्य प्रदेश के बुरहानपुर की तिरंगा यात्रा सबसे अलग है। तिरंगा यात्रा में ताप्ती नदी के नागझिरी घाट से राजघाट तक निकाली गई। लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी नावों पर तिरंगा शान से लहरा रहा था। इस अनोखी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए लोगों के चेहरे पर एक अलग ही उत्साह दिखाई दिया।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर शहर ताप्ती नदी के तट पर बसा हैए वह भी हमारे और शहर के लिए एक जीवनदायिनी के रूप में है। इसलिए ताप्ती नदी को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने के संकल्प और इस संकल्प को शहरवासियों तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ ताप्ती नदी में यह तिरंगा यात्रा निकाली है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा हैए जहां पर आजादी का जश्न न मनाया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों से ही संभव हुआ है कि राष्ट्रीय ध्वज जिसे फहराने का काम पहले कुछ विशेष लोगों के हाथों में होता थाए लेकिन अब घर.घर में तिरंगा फहराया जा रहा है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि आज हमने रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया है। रक्षा बन्धन केवल भाई.बहन का त्यौहार नहीं वरन प्रत्येक मानव का हम सब का प्रकृति से रिश्ता, नदियों से, पहाड़ों से, पेड़ों से सब की परस्पर रक्षा करते हुए एक जिम्मेदार और समझदार समाज होने का एक संकल्प लेकर रक्षा बन्धन से आजादी के पर्व को एक सुंदर अवसर बनाकर ये तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि हम उस देश के वासी हैं जिस देश में ताप्ती बहती तो विचार आया कि हमारी तिरंगा यात्रा ताप्ती नदी से नौका विहार करते हुए क्यों न निकले।

हमने ताप्ती नदी के नागझिरी घाट से लेकर राजघाट तक की तिरंगा यात्रा निकाली। जब हम मां ताप्ती नदी के बीच लहरों से गुजरते हुए तिरंगा यात्रा निकालते हैं तब देश की रक्षा के साथ.साथ पर्यावरण की रक्षा, प्रकृति से एक सुंदर संबंधए एक बॉन्डिंग एक रिश्ता बनाते हुए हम देश की भी चिंता करते हैंए पर्यावरण और प्रकृति की भी चिंता करते हैं। और जब राजघाट पर खड़े हो, जिसे अहिल्याबाई ने बनाया तो हम संस्कृति की भी चिंता करते हैं। अगर हम सब जिम्मेदार नागरिक हैं और समझदार नागरिक हैं तो निश्चित तौर पर भारत दुनिया का सिरमौर था है और भविष्य में भी रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, पूर्व महापौर अतुल पटेल, बलराज नावानी, चिंतामन महाजन, कैलाश पारीख, समर्थ चिटनिस, किशोर राठौर, चिंटू राठौर, धनराज महाजन, आशीष शुक्ला, रितेश सरोदे, अनिल विस्पुते, ईश्वर चौहान, रूद्रेश्वर एंडोले, नितीन महाजन, योगेश चौधरी, धनराज महाजन, महेशसिंह चौहान, नितीन महाजन, अक्षय मोरे, रामा नायक, भरत रावल, प्रशांत रावतोले, राकेश सवकारे, जयंत मुंशी एवं विजय अमोदे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री गोकुलचंद्र माजी मंदिर में प्रभु को सूत्र बांध मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री गोकुलचंद्र माजी मंदिर में आज प्रात: काल प्रभु को रक्षा सूत्र भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी ने परिवार सहित अंगीकार करवाया यह सौभाग्य की बात है कि प्रभु को रक्षा सूत्र बांधने का अवसर प्राप्त होता है उसके बाद कई भक्त ब्राह्मण के हाथ रक्षा सूत्र बांधकर अपना भाग्य सवारा है ब्राह्मण भी रक्षा सूत्र यदि किसी का भाई ना हो यदि किसी की बहन ना हो तो भी यदि हो तो भी ब्राह्मण द्वारा भी रक्षा सूत्र बांधना चाहिए। घर की ही नहीं, बल्कि देश की हर बहन की रक्षा हर भाई को करनी चाइये। जैसे बहना भाई की कलाई पर राखी बांधती हैए आओ हम सब भी दिल में ये गांठ बांध लें, झूठ, धोखाधड़ी से दूर रहकर, अपनों से सच्चे होकर चलेंगे। जैसे भाई उपहार देता है वैसे हम भी, परिवार को, रिश्तेदारों को, मित्रों को अपना अमूल्य समय देंगे, उनके दु:ख सुख में साथ बने रहेंगे। रोज मुँह मीठा करो, रोज खुशियाँ मनाओ, इसीका नाम है स्नेह बंधन।

परमात्मा कहते हैं जब सबतुमको छोड़ देंगे तब भी मैं तुम्हारे साथ रहूंगा तुम्हें गिरते देखना मेरा उद्देश्य नहीं तुम्हें संभालना मेरा संकल्प है मैं तुम्हारे विश्वास की परीक्षा जरूर लेता हूं कभी तुम्हारा साथ नहीं छोड़ता बस यही भाई बहन का संबंध हमेशा बना रहे देश.विदेश से अपने भाई की सुनी कलाई पर रक्षाबंधन के लिए पधारे हैं सबका हृदय से धन्यवाद कई लोग बोलते हैं माता.पिता गए तो घरसुना कौन जाए मैं आपको सबको बहुत सुंदर बात बताता हूं की माता की जगह बड़ी बहन लेती है और पिता की जगह बड़ा भाई लेता है उसके बाद भी आपके मन में संतोष ना हो तो श्री गोकुल चंद्रमा जी को अपना भाई मानकर प्रति वर्ष पधारे मंदिर का सत्संग सुनने और अपने प्रभु के लिए रक्षा सूत्र जरूर लेकर आवे जिस तरह इस बार भी आप लेकर आ गए थे यही आप सभी को शुभकामना देता हूं रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार हमें दूसरे के इसलिए बंधन को हमेशा याद रखें शुभ आशीर्वाद मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि घर की बिटिया के कारण कई भाभी या अपने रक्षाबंधन त्यौहार पर जा ना पाई क्योंकि वह जानती है की बहन कितने समय पश्चात आती है तो वह आपके लिए समर्पण करती है तो उसे भाभी के लिए चार लाइन बोल रहा हूं

**सभी भाभीयो को समर्पित :** छोटी हो या बडी, काम आती है सभी चले है उसी से पीहर, वह है घर की लीडर। बेटो से न चला हैं घर.संसार, भाभियाँ चलाती है घर.परिवार, मान.सम्मान से रखो उन्हें, क्योंकि माँ के बाद भाभी का ही स्थान है। छोटी हो या बडी, भाभी होती है भाभी। क्योंकि वह आपके माता.पिता को पूर्ण समर्पण देकर उनका ध्यान रखती है धन्य है वह भाभी है या आपके लिए भी लागू होता है क्योंकि आप यहां की बिटिया है तो कहीं की भाभी भी है।

## बचपन प्ले व लीलावती पब्लिक स्कूल में राखी प्रदर्शनी



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बचपन प्ले स्कूल और लीलावती पब्लिक स्कूल में राखी की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शहर में नन्हें मुन्ने बच्चों के प्रतिष्ठित स्कूल बचपन और लीलावती पब्लिक स्कूल में राखी के शुभ अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से बनी बहुत सुन्दर सुन्दर राखी बनाई और बेची, जो वास्तव में उनकी कल्पना और रचनात्मकता का प्रमाण था। बुरहानपुर में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हुआ है।

प्राचार्या अभिलाषा सिंह ने बताया की इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा और आत्म विश्वास को बढ़ाना था। यह अनुभव वो भी इतनी छोटी उम्र में निश्चित रूप से उनके बचपन की यादों में हमेशा रहेगा स कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा स लोगों ने बच्चों की प्रदर्शनी की बहुत सराहना की साथ ही जोरों से खरीदारी भी की।

## कान्वेंट स्कूल में छात्र कैबिनेट का गठन एवं शपथ समारोह का आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर की स्थानीय कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विघालय के छात्रों की केबिनेट का गठन विविध रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया गया जिसमें शाला कप्तानए उपकप्तान एवं विविध सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024 .20 25 के कक्षा बारहवीं, दसवीं, आठवी एवं पांचवी में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभाव कों के साथ विद्यालय में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद नेपानगर की अध्यक्षा श्रीमती भारती पाटिल ने विघार्थियों को अपने संबोधन में प्रतिनिधित्व की विशेषता के विषय में बताते हुए जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मन की एकाग्रता पर विशेष बल देने के लिए विघार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्या सिस्टर टीना ने नव नियुक्त विघार्थी परिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं अपनी नेतृत्व क्षमता को विकसित करने हेतु प्रेरित किया। समाज सेवी विनोद पाटिल, विद्यालय की मैनेजर सिस्टर किरण एवं विद्यालय की उपप्राचार्या सिस्टर बीना ने नवनियुक्त पदाधिका रियों को बधाई दी। उपरोक्त जानकारी विघालय के पी आरओ रविन्द्र कुमार पाटिल ने दी। कार्यक्रम में समस्त विघालय परिवार मौजूद रहा।

## मातृशक्ति हिन्दू सेवा समिति बहनों नें पुलिस भाइयों को बांधे रक्षासूत्र



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मातृशक्ति हिंदू सेवा समिति की बहनों द्वारा आज रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हमारे लालबाग थाने के पुलिस अधिकारी जो सतत हमारी रक्षा के लिए तैनात रहते हैं इनको राखी बांधकर उनके स्वस्थ शरीर और लंबी उम्र की कामना करते हुए रक्षाबंधन पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया।

रक्षा बंधन के पावन अवसर परए उपनगर लालबाग थाने में मातृशक्ति हिन्दू सेवा समिति के बहनों द्वारा थाना प्रभारी जादौन साहब सहित पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर सुरक्षा कुशलता और लंबी उम्र की कामना की। पुलिस अधिकारियों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया।

मातृशक्ति हिन्दू सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य रक्षा बंधन के त्योहार को उत्साह और उमंग के साथ मनाकर समाज में संदेश देना था पुलिस और जनता के बीच संबंधों का मजबूत सेतु कभी भी तैयार किया जा सकता है इस सेतु से क्षेत्र में शांति का वातारण निर्मित कर आपसी सद्भाव को बढ़ाया जा सकता है सिखाया।

मातृशक्ति हिन्दू सेवा समिति बहनों का रक्षा बंधन के पर्व को मनाने का एक अनूठा तरीका होने के साथ साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देना था।

## स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत रंगोली निर्माण एवं झंडा विक्रय





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आयुक्त संदीप श्रीवास्तव नगर पालिक निगम, बुरहानपुर के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस 2025 के लिए जन जागरूकता हेतु हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर के प्रमुख स्थानों पर स्वसहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से एन यू एल एम विभाग, बुरहानपुर रंगोली कार्यक्रम एवं स्टॉल लगा कर झंडा विक्रय का कार्य शुरू किया है। आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के अनुसार रंगोली निर्माण एवं झंडा विक्रय का कार्यक्रम नगर के विभिन्न वार्डों में 15/08/2025 तक स्व सहायता समूह के द्वारा निरंतर किया जाएगा। इसी क्रम में नगर निगम परिसर एवं कमल टॉकीज चौराहे पर रंगोली निर्माण एवं झंडा वितरण का कार्यक्रम स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दिनांक 07/08/2025 से किया गया।

## जिला पुलिस प्रशासन ने स्व .राकेश श्रीवास्तव के हत्यारे को पकड़कर अनहोनी को होनी करके बताया



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं जायंट्स ग्रुप बुरहानपुर के पूर्व में रहे सदस्य स्व.राकेश श्रीवास्तव की संदेहास्पद मृत्यु पर एक डेलिगेशन बुरहानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश से भेंट कर गुनेहगार को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा देने का निवेदन किया था। इसी परिपेक्ष में द्वय पुलिस अधिकारयों ने कहा था, जिसने जुर्म किया है वह ट्रेस हो गया है बहुत जल्द उसको हिरासत में लेंगे। आज स्व.राकेश श्रीवास्तव के हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस टीम में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, लालबाग थाना प्रभारी अमित जादौन, एस आई महेंद्र उइके, हेड कोंस्तेबल विक्रम चौहान, आर दीपांशु, आर नितेश सपकाले, आर वीर सिंह एवं अजय वारुड़े इस टीम में संयुक्त कार्यप्रणाली बनाकर हिंदुस्तान के कई शहरों में वारदात करने वाले गुनेहगार को गिरफतार कर इस अनसुलझी गुत्थी को सुलझाकर अनहोनी को होनी अपने कार्यप्रणाली के माध्यम से कर दिखाया है। आज हमारी संस्था के समस्त साथियों द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचकर सभी का हार एवं शाल से स्वागत एवं सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया और यह सिद्ध करके दिखाया की पुलिस विभाग से कितना भी शातिर मुजरिम कभी भी बच नही सकता है।

इस अवसर पर जनजाग्रति संस्था के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, जनजागृति संस्था के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जायंट्स व् जनजाग्रति के सम्मानीय सदस्य सुनील सलुजा, आर एस ठाकुर, रविन्द्र महाजन, मेहुल जैन, अरुण जोशी, आशा तिवारी, राकेश राठौर के साथ साथ सिटी पुलिस कोतवाली के थाना प्रभारी सीताराम सोलंकी एवं अन्य विभागीय कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद थे पुलिस विभाग की इस चुस्त और दुरुस्त कार्यप्रणाली से जनता में एक उत्कृष्ट सन्देश जाने के साथ साथ पुलिस प्रशासन के प्रति इस क्षेत्र के जनमानस ने गहरी आस्था व्यक्त की।

**नशे पर शिकंजा**

**34 किलो 430 ग्राम डोडा चूरा एवं 64 लीटर अवैध अंग्रेज़ी शराब विभिन्न ब्रांडों की जप्त**

# शाहपुर पुलिस की अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा एवं शराब विक्रय करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने बताया कि विगत दिनों नशे के विरुध्द एक प्रदेशव्यापी अभियान पुलिस महानिदेशक के द्वारा चलाया गया था, उसके समाप्त होने के बाद भी नशे के विरुध्द पुलिस कार्यवाही के संबंध में लगातार निर्देश दिए जा रहे थे।

इसी तारतम्य में दिनांक 08/09/2025 को शाहपुर थाना प्रभारी को एक विश्वस्त सूत्र से जानकारी लगी कि क्षेत्र में एक ढाबे पर मादक पदार्थों से संबंधित अवैध गतिविधियाँ संचालित हो रही है, सूचना जब वरिष्ठ स्तर पर पहुँची तो इस पर योजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, अति.पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अखिलेश मिश्रा थाना प्रभारी शाहपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, सूचना की पुष्टि होने के बाद कथित स्थान देवा ढाबा पर दबिश दी गई। कार्यवाही करने पर दबिश की टीम को न केवल भारी मात्रा अफ़ीम का डोडा.चूरा मिला बल्कि भारी मात्रा में अवैध शराब भी मिली। इंदौर इच्छापुर हाइवे पर स्थित देवा ढाबा संचालक शुभम तोमर डोडा चूरा पीसने के लिए एक मशीन भी लगा रखी थी।

ज्ञातव्य है कि डोडा चूरा जो अफ़ीम के पौधे का हिस्सा है, सामान्यत: ट्रक ड्राइवरों द्वारा नशा करने के लिए लिया जाता है, ऐसे नशे के आदी ड्राइवरों के कारण ही यह अवैध कारोबार राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलता है तथा अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का भी कारण बनता है जो कि एक बड़ी गंभीर समस्या है। शाहपुर पुलिस की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ के संबंध में ढाबा एवं आसपास तलाश की टीम के द्वारा कुल 34 किलो 430 ग्राम डोडा चूरा जप्त किया गया जिसमे से 3 किलो 490 ग्राम पिसा व शेष बिना पिसा हुआ डोडा चूरा मिला। एक आटा पीसने में प्रयुक्त होने वाली चक्की भी मिली है जिसका उपयोग डोडा की पिसाई के लिए किया जा रहा था, मशीन भी प्रकरण में जप्त की गई है। जब पुलिस ने आसपास गहन चेकिंग की तो ढाबे पर विक्रय के लिए रखी गई कुल 64 लीटर अवैध अंग्रेज़ी शराब भी मिली जो विभिन्न ब्रांडों तथा विभिन्न साइज की बॉटलों में थी, पुलिस द्वारा ज़ब्त की गई। ज़ब्त की गई शराब की कीमत 67,500 /–रुपए आँकी गई है, जप्त की गई शराब के संबंध में ढाबा संचालक शुभम तोमर के पास कोई वैध लाइसेंस नहीं था, उपरोक्त सम्पूर्ण सामग्री कुल कीमती 2,69,635 /–रुपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जो मादक पदार्थ ज़ब्त किया गया है उसका सोर्स कहाँ पर है इस संबंध में आरोपी से गहन पूछताछ की गई है, आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 475/25 धारा 8,15 एनडीपीएस एक्ट व 34 ,2 आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। पूर्व में भी आरोपी पर सन 2020 में 34 ए आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है।

**कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका:**–थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा, उप निरीक्षक अजय सिंह चौहान, सोहन सिंह चौहान, प्र.आर मुकेश मोरे, कुन्दन सिंह पवार, आर. रविन्द्र राय, अक्षय दुबे, सुनील खोड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही।